भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 15.04.2024

आरेडिका में मनायी गई डा. अम्बेडकर जी की 133वीं जयंती

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक–14.04.2024 एवं 15.04.2024 को भारत रत्न डा. भीम राव अम्बेडकर जी की 133 वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रमों का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं अम्बेडकर जी की फोटो प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने अम्बेडकर जी के त्याग, जीवन संघर्षों, महिलाओं एवं सभी समाजों के लोगों तथा विश्व व्यवस्था के लिए किए गये उनके कार्यों पर प्रकाश डाला और लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने एवं अपने जीवन में उन आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया।

आगे इसी क्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों ,ऑल इण्डिया एससी/ एसटी एसोसिएशन, एवं विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधियों ने अम्बेडकर जी की फोटो पर पुष्पांजली कर बाबा साहब के जीवन से संबंधित बहुमूल्य जानकारी को साझा किया।

ऑल इण्डिया एससी/एसटी एसोसिएशन के जोनल सैक्रेटरी श्री देवनाथ निर्मल द्वारा उच्च अधिकारियों को संविधान की प्रतिलिपि बाँटी गयी तथा श्री राजीव कुमार, आदि ने बाबा सहाब के जीवन उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। ऑल इण्डिया एससी/एसटी एसोसिएशन के द्वारा आरेडिका स्थिति आचार्य महावीर प्रसाद पुस्तकालय के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें भेंट की ।

कार्यक्रम के अंत में आरेडिका के पीसीपीओ श्री रूपेश श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ श्री एस के कटियार, पीसीईई श्री हरीश चन्द्र, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीसीएमओ श्रीमती आभा जैन, मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री रमेश चन्द्र सहित उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

15/4/2024

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी